# कार्बन मुक्त विद्युत उत्पादन के प्रति G7 की प्रतिबद्धता

## प्रिलिम्स के लिये:

G7 शिखर सम्मेलन हिरोशिमा, वैश्विक ऊर्जा संकट, शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन, IPCC, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना, हरित ऊर्जा गलियारा, राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन (NSGM)

## मेन्स के लिये:

G7, कार्बन-मुक्त विद्युत उत्पादन से संबंधित भारतीय पहल।

## चर्चा में क्यों?

सात देशों के समूह (Group of Seven- G7) के **जलवायु और ऊर्जा मंत्रियों तथा दूतों ने वर्ष 2035** तक कार्बन मुक्त विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने एवं कोयले की चरणबद्ध समाप्ति/फेज-आउट की दिशा में तेज़ी लाने हेतु प्रतिबद्धता जताई है। मई 2023 में हिरोशिमा में आयोजित **G7 शिखर सम्मेलन से पहले यह समझौता साप्पोरो, जापान** में किया गया था।

- G20 की अध्यक्षता **के संदर्भ में** भारत को शिखर सम्मेलन में **'अतिथि'** के रूप में भी आमंत्रित किया गया था।

## प्रमुख बिंदु

- मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट और **आर्थिक समस्याओं** को देखते हुए इस समझौते में वर्ष 2050 तक शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस (Greenhouse Gas- GHG) उत्सर्जन हेतु स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में तेज़ी लाने का आह्वान किया गया है।
  - G7 देशों ने **वर्ष 2030 तक GHG उत्सर्जन को लगभग 43% और वर्ष 2035 तक 60% कम करने** की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया।
- IPCC की AR6 रिपोर्ट के अनुसार, **जिसमें शताब्दी के अंत तक वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने से रोकने की आवश्यकता को इंगित किया गया है**, प्रतिभागी देशों ने अपतटीय प्लेटफॉर्मों से **1,000 गीगावाट सौर ऊर्जा** और **150 गीगावाट पवन ऊर्जा** का उत्पादन करने के लिये सौर एवं पवन ऊर्जा क्षेत्र में निवेश में तेज़ी लाने पर सहमति व्यक्त की।
- इसमें पुष्टि की गई है कि जीवाश्म ईंधन सब्सिडी **पेरिस समझौते के लक्ष्यों के साथ असंगत है** और वे वर्ष 2025 तक **अकुशल जीवाश्म ईंधन सब्सिडी** को खत्म करने के लिये **प्रतिबद्ध** हैं।
- **वे प्रमुख मुद्दे जिन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई:**
  - अन्य देशों को उनके ऊर्जा संक्रमण और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में मदद करने के लिये और अधिक सहायता दिये जाने के संबंध में।
    - UNFCCC COP 27 **में प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान की प्रतिबद्धता** जताई गई थी, परंतु विकसित देशों द्वारा किये जाने वाले वित्तीय योगदान में कमी आई है।
  - ब्रिटेन और कनाडा द्वारा **वर्ष 2030 तक कोयले को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का प्रस्ताव।**

## G7:

- **परिचय:**
  - **सात देशों का समूह (G7)** एक **अंतर-सरकारी संगठन** है जिसमें सात प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ- **कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं।**
  - **G7, मूल रूप से G8** (जब इसमें शामिल होने के लिये रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था), **को** वर्ष 1975 में विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्वकर्त्ताओं के एक अनौपचारिक मंच के रूप में स्थापित किया गया था।
- **उद्देश्य:**
  - G7 का प्राथमिक उद्देश्य **इसके सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है।**
  - यह व्यापार, आर्थिक नीति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहित **पारस्परिक चिंतनीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिये एक मंच के रूप में**

कार्य करता है।
    - [जलवायु परिवर्तन](), [गरीबी में कमी लाना]() और **वैश्विक स्वास्थ्य** जैसे मुद्दों पर सहयोग एवं समन्वय को बढ़ावा देता है।
- **बैठकें:**
    - G7 **शिखर सम्मेलन** का आयोजन **वार्षिक रूप से किया जाता** है जिसमें सदस्य देश विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और उनका समाधान करने के लिये एकत्रित होते हैं।
        - इस शिखर सम्मेलन का आयोजन क्रमिक रूप से इसके सदस्य देशों द्वारा किया जाता है।
- **महत्त्व:**
    - **आर्थिक शक्तियाँ:** G7 देश **विश्व की** कुछ **सबसे बड़ी और शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं**, जो दुनिया की 40 प्रतिशत आर्थिक गतिविधियों का प्रतिनिधित्व करती हैं।
        - ये **वैश्विक व्यापार नीतियों और विनियमों** पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव के साथ विश्व के अग्रणी व्यापारिक राष्ट्रों में भी शामिल हैं।
    - **वैश्विक शासन:** G7 वैश्विक शासन की एक महत्त्वपूर्ण संस्था है, जिसका **[संयुक्त राष्ट्र]() और [विश्व व्यापार]() संगठन** जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव है।
        - इसकी नीतियों और निर्णयों का **वैश्विक आर्थिक तथा राजनीतिक स्थिरता** पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।
- **आलोचनाएँ:**
    - **G7, जिसमें विश्व की कुछ सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाएँ शामिल हैं**, वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के लगभग **एक-चौथाई हिस्से के लिये ज़िम्मेदार है।**
        - यह आश्चर्यचकित कर देने वाला आँकड़ा है **जो जलवायु परिवर्तन के कार्यक्रम चलाने में इन देशों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।**
    - G7 को **विश्व की आबादी का विशिष्ट और अप्रतिनिधि** होने के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा है, क्योंकि यह वैश्विक आबादी के केवल एक छोटे से हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है एवं **भारत तथा चीन** जैसे देश इससे बाहर हैं, जो कि प्रमुख आर्थिक शक्तियाँ हैं।
    - आलोचकों ने यह भी तर्क दिया है **कि हाल के वर्षों में G7 के प्रभाव में कमी आई है क्योंकि उभरती अर्थव्यवस्थाएँ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई हैं।**

## कार्बन मुक्त विद्युत के संबंध में भारत की पहल:

- [प्रधानमंत्री सहज विद्युत हर घर योजना (सौभाग्य)](): **विश्वसनीय और सस्ती बिजली तक पहुँच** के माध्यम से ग्रामीण और शहरी परिवारों को सशक्त बनाना।
- [ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (GEC)](): भारत के राष्ट्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क के साथ **ग्रिड से जुड़ी नवीकरणीय ऊर्जा** को सिंक्रोनाइज़ करना।
- [नेशनल स्मार्ट ग्रिड मिशन (NSGM) और स्मार्ट मीटर नेशनल प्रोग्राम (SMNP)](): भारत के विद्युत क्षेत्र को सुरक्षित, अनुकूली, टिकाऊ व डिजिटल रूप से सक्षम आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना।
- [प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT)](): ऊर्जा प्रभावशीलता में सुधार करना और उन औद्योगिक क्षेत्रों से उत्सर्जन को कम करना जिन्हें विनियमित करना मुश्किल है।
- [राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDCs)](): अद्यतन NDC के अनुसार, भारत अब वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष **2030 तक** अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को **45% तक** कम करने और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग **50% संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिये प्रतिबद्ध है।**

## UPSC यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न

### *⍰⍰⍰⍰⍰⍰⍰⍰⍰⍰⍰:*

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किस एक समूह के सभी चारों देश G20 के सदस्य हैं?**

अर्जेंटीना, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की
ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और न्यूज़ीलैंड
ब्राज़ील, ईरान, सऊदी अरब और वियतनाम
इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया

**उत्तर: (a)**

---

### *⍰⍰⍰⍰⍰⍰:*

**प्रश्न. "सतत, विश्वसनीय, टिकाऊ और आधुनिक ऊर्जा तक पहुँच सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को प्राप्त करने के लिये अनिवार्य है।" इस संबंध में भारत में हुई प्रगति पर टिप्पणी कीजिये। (2018)**

**प्रश्न. पारंपरिक ऊर्जा की समस्या को दूर करने के लिये भारत के हरित ऊर्जा गलियारे पर एक टिप्पणी लिखिये। (2013)**

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/g7-s-commitment-towards-carbon-free-electricity-production